A

609

समग्र शिक्षा केरल
Samagra Shiksha Kerala

# समग्र शिक्षा केरल

## योगात्मक आकलन II 2025-26

## हिंदी

कक्षा 6 समय 2:15 घंटे

सामान्य निर्देश :

* पहले पंद्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
* कुल 6 प्रश्न हैं। सभी के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।
* प्रश्न संख्या 2 और 5 में विकल्प हैं।

(1) सूचना: 'बादल' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> नन्हे जल-कण, गए भाप बन
> उसी भाप ने ठंडक पाई
> बादल बरसे, बरसा आई
> करते गड़गड़, आते बढ़बढ़
> बिजली बादल को चमकाए
> अंधियारे में राह दिखाए

क) बादल को कौन चमकाती है ?

अ) भाप आ) जल-कण

इ) बिजली ई) अंधियारा

ख) 'मेघ' के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द लिखें।

अ) बिजली आ) राह

इ) पानी ई) बादल

ग) कवितांश से ये आशय वाली तीन पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

> नन्हे जल-कणों से भाप बनती है। भाप से बादल बनता है। ठंडा होने पर बादल बरसता है।

(2A) सूचना : 'मिले सबको' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बहुत ज़रूरी है
कि मिले सबको
उगने के लिए
थोड़ी सी मिट्टी बूँद भर नमी
थोड़ी सी हवा और धूप-
खिलने के लिए
पकने के लिए थोड़ी सी आग

क) कविता में मिट्टी का विशेषण शब्द क्या है ?

ख) प्रस्ताव पढ़ें और **सही विकल्प** चुनकर लिखें।

**प्रस्ताव -**

अ) उगने के लिए मिट्टी नहीं चाहिए।
आ) खिलने के लिए हवा और धूप चाहिए।
इ) उगने के लिए मिट्टी चाहिए।
ई) खिलने के लिए हवा और धूप नहीं चाहिए।

**विकल्प-**

i) **अ और आ** सही हैं।
ii) **आ और ई** सही हैं।
iii) **आ और इ** सही हैं।
iv) **इ और ई** सही हैं।

ग) **सही मिलान** करें।

| | |
|---|---|
| खिलने के लिए | आग चाहिए |
| पकने के लिए | हवा और धूप चाहिए |
| उगने के लिए | धूल चाहिए |
| | मिट्टी चाहिए |

**अथवा**

**(2 B) सूचना: 'मीठा संतरा' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मैं जब भी शिलांग में बिताए दिनों को याद करता हूँ तो मुझे बूढ़ी कांग याद आती है। वहाँ मैं मल्की हिल्स में रहता था। वह हमारे घर के पास ही छोटी सी गुमटी में बैठी मौसमी फल बेचती थी। संतरे, केले, प्लम, पाइनेपल व उबले शकरकंद, बिस्कुट, चॉकलेट व पीपरमेंट। स्कूली बच्चे उसके नियमित ग्राहक थे।

क) गुमटी के नियमित ग्राहक कौन थे ?

ख) प्रस्ताव पढ़ें और **सही विकल्प** चुनकर लिखें।

**प्रस्ताव -**

अ) लेखक मल्की हिल्स में रहते थे।

आ) लेखक को बूढ़ी कांग याद नहीं आती है।

इ) लेखक को बूढ़ी कांग याद आती है।

ई) लेखक मल्की हिल्स में नहीं रहते थे।

**विकल्प-**

i) **अ और आ** सही हैं।

ii) **अ और ई** सही हैं।

iii) **अ और इ** सही हैं।

iv) **आ और ई** सही हैं।

ग) **सही मिलान** करें।

| | |
|---|---|
| मौसमी | शकरकंद |
| उबले | कांग |
| बूढ़ी | गुमटी |
| | फल |


**(3) सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कचरा मुक्त केरल—एक अभियान है जिसका उद्देश्य केरल को कचरे से मुक्त बनाना है। हरित कर्म सेना इससे जुड़ी है।

क) हमारे घर में प्लास्टिक कचरा लेने के लिए कौन आती है ?

ख) 'कचरा मुक्त केरल' संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें।

**(4) चित्र देखें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**



क) चित्र देखकर **विवरण** तैयार करें।

ख) सब्जी का नाम चुनकर लिखें।

अ) सेब    आ) संतरा

इ) अंगूर    ई) बैंगन

**(5 A) सूचना: 'मीठा संतरा' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और उत्तर लिखें।**

> लगभग बीस साल बाद मैं फिर शिलांग गया। मुझे उस बूढ़ी कांग की याद आई। उससे मिलने मैं फिर मल्की हिल्स पहुँचा। उसी जगह जहाँ वह छोटी सी गुमटी में बैठी हुई फल बेचती थी। दुकान तो वही थी, मगर वह वृद्धा कहीं नज़र नहीं आई। वहाँ एक युवती बैठी थी। उसके पास ही उसकी छोटी सी लड़की भी बैठी थी।

क) कितने साल बाद लेखक शिलांग वापस आया?

अ) तीस साल बाद    आ) बीस साल बाद

इ) चालीस साल बाद    ई) पचास साल बाद

ख) संस्मरण के अंश के आधार पर वाक्यों को **क्रमबद्ध** करके लिखें।

* गुमटी में एक युवती बैठी थी।
* बीस साल के बाद लेखक शिलांग गया।
* लेखक मल्की हिल्स पहुँचा।
* लेखक को बूढ़ी कांग की याद आई।

**अथवा**

(5 B) सूचना: चित्र देखें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।




क) चित्र के अनुसार वाक्यों को **क्रमबद्ध** करके लिखें।

* अम्मा और स्कूटी दोनों गिरीं।
* अम्मा ने सपना देखा, वो टुक्कू को बिठाए स्कूटी चला रही है।
* सुबह टुक्कू ने अपनी साइकिल निकाली और अम्मा ने अपनी स्कूटी।
* साइकिल और टुक्कू दोनों गिर पड़े।

ख) **सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।

अ) स्कूटी चलाते समय हेलमेट पहनें।

आ) एक स्कूटी में दो से अधिक सवार हों।

इ) गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करें।

ई) कार चलाते समय सीट बेल्ट न पहनें।

(6) सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

ओकुम का मतलब है घर। ओकुम में आपका स्वागत है। हमारा गाँव माजुली में है। हमारा घर आमतौर पर बाँस से बनाया जाता है। घर एक चबूतरे पर बनाते हैं। हमारा घर नदी के एकदम सामने है। हमारा घर बाँसों पर खड़ा है। इसलिए कोई खास खतरा नहीं है।

(ओकुम- വീട്, माजुली-ആസാമിലുള്ള ഒരു ജില്ല, बाँस-മുള, चबूतरे पर-ഉയർന്ന പ്രതലത്തിൽ, खतरा-അപകടം)

क) ओकुम का मतलब क्या है ?

ख) घर किसपर बनाया जाता है ?

अ) नदी पर आ) सड़क पर
इ) चबूतरे पर ई) खेत पर

ग) गाँव कहाँ है ?

अ) मणिपूर में आ) माजुली में
इ) मेघालय में ई) मैसूर में

घ) घर किससे बनाया जाता है ?

अ) पत्तों से आ) बाँस से
इ) पत्थर से ई) ईंट से

ङ) **सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।

अ) घर बाँस से बना है, इसलिए खतरा है।

आ) घर बाँस से बना है, इसलिए खतरा नहीं है।

इ) घर पत्तों से बना है, इसलिए खतरा है।

ई) घर पत्तों से बना है, इसलिए खतरा नहीं है।